मंगलवार

14 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




गायडाढ़ पूजा के दौरान फायरिंग गोली लगने से तीन बच्चे जख्मी

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

# केंद्र सरकार ने मणिपुर के नौ मैतेई चरमपंथी संगठनों पर लगाया बैन

- राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर हमले करने को लेकर गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई
- मणिपुर में जारी हिंसा के बीच स्थिति कुछ सुधरी जरूर है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है



**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्र सरकार ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर नौ मैतेई चरमपंथी संगठन और उनके सहयोगी संगठनों पर बैन लगा दिया है। गृह मंत्रालय के नोटिफिकेशन के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), इसकी सशस्त्र शाखा (जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है), कांगलेई याओल कनबा लुप (केवाईकेएल), कोआर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके) भी शामिल हैं। इससे पहले भी मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। फिर चाहे वो सेना और सीआरपीएफ के जवानों का ज्यादा से ज्यादा तादाद में वहां पहुंचाना हो या फिर जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला हो। अभी के लिए जमीन पर मणिपुर में स्थिति कुछ सुधरी जरूर है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। सीएम आवास के पास में जिस तरह से कई मौकों पर प्रदर्शन हो चुके हैं, जिस तरह से जब्त हथियारों को वापस हासिल करने के लिए उपद्रव मचाया गया है, उसने प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। पिछले कई महीनों से इसी तरह से हिंसा का दौर जारी है। एक वायरल वीडियो के बाद से शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। वैसे जिस विवाद की वजह से ये मणिपुर जल रहा है, वो कई साल पुराना है। पहले भी उसको लेकर तकरार हो चुकी है, लेकिन इस बार उसने भयंकर हिंसा का रूप ले लिया।

### मणिपुर में तीन समुदाय मैतेई, नागा और कुकी का है निवास

मणिपुर में तीन समुदाय सक्रिय हैं- इसमें दो पहाड़ों पर बसे हैं तो एक घाटी में रहता है। मैतेई हिंदू समुदाय है और 53 फीसदी के करीब है जो घाटी में रहता है। वहीं दो और समुदाय हैं- नागा और कुकी, ये दोनों ही आदिवासी समाज से आते हैं और पहाड़ों में बसे हैं। मणिपुर का एक कानून है, जो कहता है कि मैतेई समुदाय सिर्फ घाटी में रह सकते हैं और उन्हें पहाड़ी क्षेत्र में जमीन खरीदने का कोई अधिकार नहीं होगा। ये समुदाय चाहता जरूर है कि इसे अनुसूचित जाति का दर्जा मिले, लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। हाल ही में हाई कोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि राज्य सरकार को मैतेई समुदाय की इस मांग पर विचार करना चाहिए। उसके बाद से राज्य की सियासत में तनाव है।

# हैदराबाद में गोदाम में आग लगने से दो महिला समेत छह की मौत

**एजेंसी/हैदराबाद**

दिवाली के मौके पर हैदराबाद में एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। हैदराबाद (टीएस) में एक रासायनिक गोदाम में आग लग गई जिसमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। आग इतनी भीषण थी कि चार मंजिलों तक फैल गई।

ज्यादा जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल जोन वेंकटेश्वर राव ने कहा कि हैदराबाद के नामपल्ली के बाजारघाट में एक अपार्टमेंट परिसर में स्थित एक गोदाम में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। इसमें 2 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। जबकि 16 को मामूली चोटों के साथ सुरक्षित बचा लिया गया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव ने नामपल्ली अग्निकांड में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया है। सीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सभी राहत उपाय करने का आदेश दिया है।

घटना हैदराबाद (टीएस) के नामपल्ली पुलिस स्टेशन सीमा के अंतर्गत आने वाली गोदाम में हुई। डीजी (फायर सर्विसेज) नागी रेड्डी का कहना है, इमारत में रसायनों का भंडारण अवैध रूप से किया गया होगा। इमारत के स्टिल्ट एरिया में रसायन जमा किए गए थे और आग इन रसायनों के कारण लगी थी। कुल 21 लोगों को बचाया गया।

## करमचट के धव पोखर की घटना, सभी बच्चे एक ही परिवार के

# कैमूर में तालाब में नहाने के दौरान 5 बच्चों की डूबने से मौत





**केटी न्यूज/पटना/कैमूर**

बिहार के कैमूर में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां तालाब में नहाने के दौरान एक ही परिवार के पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में चार लड़कियां और एक लड़का शामिल है। स्थानीय लोगों ने सभी शव को तालाब से निकाला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ,कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना करमचट थाना क्षेत्र के धव पोखर गांव की है।

हादसे के शिकार हुए सभी बच्चों की उम्र 7 से 12 साल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के शिकार हुए बच्चों की पहचान धवपोखर गांव के रहने वाले शिक्षक सुशील राम की तीन 12 वर्षीय अनु प्रिया, 10 वर्षीय अंशु प्रिया और 8 साल की मधु के रूप में हुई है। जबकि सुशील राम के छोटे भाई सुनील राम की 4 साल के बेटी अपुर्वा कुमारी और शिक्षक के बहन के चार साल के बेटे की भी डूबने से मौत हो गई है। सभी बच्चे एक ही परिवार के हैं। वहीं, सुनील राम का पुत्र आयुष दस वर्ष व पुत्री आयुषी आठ वर्ष व सुशील राम का एक पुत्र अंकित कुमार 11 वर्ष बच गए। मृतकों में अमन कुमार रोहतास जिले के मुफ्स्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत धनखाड़ा गांव निवासी जोखू राम का पुत्र है। जबकि अन्य धवपोखर गांव के ही हैं।

घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक सुशील की बहन विभा देवी खेत पर फसल देखने गई थी। बच्चे उनके पीछे-पीछे चले गए। बच्चे तालाब के पास खेलने लगे, जबकि विभा खेत में काम में व्यस्त थी। उसे पता नहीं चला कि बच्चे आए हैं। क्योंकि उसकी नजर बच्चों पर नहीं पड़ी थी। इसी दौरान फकिराना तालाब के निकट शौच करने आए गांव के युवक की नजर छह साल के रोते बच्चे अंकिम पर पड़ी। उसने बताया कि दीदी लोग ताल में डूब गई हैं, इसलिए रो रहा है। इसके बाद दीपक ने शोर मचाया और लोग तालाब की ओर दौड़ पड़े। फिर सभी बच्चों को ग्रामीणों ने तालाब से बाहर निकाला।

### गांव वालों ने तीन बच्चों को बचाया

घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि इनके परिजन धान काटने के लिए गए थे। बच्चे उन्हें खाना पहुंचाने के लिए खेत पर गए वहां से लौटने के दौरान तालाब में नहाने लगे. इस दौरान पांच बच्चे गहरे पानी में चले गए 8 बच्चे नदी में नहा रहे थे। बच्चों को डूबता देख गांव वालों ने छलांग लगा दी लेकिन तबतक पांच बच्चे डूब गए थे जबकि तीन को गांव वालों ने बचा लिया।

**फकीराना तालाब में नहाने के दौरान हादसा:** घटना के बारे में भभुआ डीएसपी शिव शंकर ने पुलिस ने बताया कि करमचट थाना क्षेत्र के धवपोखर गांव के रहने वाले बच्चे फकीराना तालाब में नहाने गए थे। इस दौरान पांच बच्चे की डूबने से मौत हो गई। गांव वालों ने बच्चों के शव को तालाब से निकाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सीएम ने जताया शोक, आश्रितों को चार-चार लाख देने का निर्देश

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कैमूर जिले के रामपुर प्रखण्ड के धवपोखर गांव में तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान अविलंब देने के निर्देश दिये हैं।

### उत्तरकाशी में सुरंग में भूस्खलन, 40 मजदूर फंसे, रेस्क्यू जारी

**देहरादून।** उत्तरकाशी के यमुनोत्री हाईवे पर निमार्णाधीन टनल में हुए भूस्खलन में 40 मजदूर फंसे होने के बाद से राज्य आपदा राहत बल और पुलिस द्वारा राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल 24 घंटे का समय हो गया है और लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस बीच खबर लिखे जाने तक बचाव दल सुरंग में 15 मीटर तक पहुंच गया है। अभी लगभग 35 मीटर और मलबा साफ करना होगा। दावा है कि फंसे हुए मजदूर सुरक्षित हैं। उन्हें पाइप के जरिए खाना और पानी के साथ ऑक्सीजन पहुंचाई गई है। दिवाली पर रविवार को निमार्णाधीन सुरंग में भूस्खलन हो गया। जब शिफ्ट बदली जा रही थी। सोमवार को आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।


उन्होंने बताया कि जहां पर भूस्खलन हुआ है वहां पर सॉफ्ट रॉक है, जिसके चलते वहां भूस्खलन हुआ है। चूरा जैसा मलबा आया है। जेसीबी व अन्य मशीनों से मलबा हटाने का काम भी जारी है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर मजदूर हैं, वहां करीब पांच से छह दिन के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन है। इसके अलावा पाइपलाइन से भी ऑक्सीजन भेजी जा रही है। टनल में फंसे मजदूर यूपी, बिहार, झारखंड और ओडिशा के हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि यह सुरंग निमार्णाधीन थी जो लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी होनी थी, जिसमें से मात्र 400 मीटर ही तोड़े जाने के लिए बाकी था। अचानक बीच में मलबा गिरने की वजह से 40 मजदूर सुरंग के अंदर फंस गए हैं। बचाव का काम तेजी से हो रहा है। रात को उनसे संपर्क भी स्थापित हो गया था।

# पीएम मोदी ने जवानों के साथ मनाया दिवाली




**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में सुरक्षाबलों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों के अटूट साहस की सराहना की। पीएम मोदी सुबह में ही लेप्चा पहुंच गए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जवानों के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर किया। पीएम मोदी जिस लेप्चा में पहुंचे, वहां से चीन की सीमा ज्यादा दूर नहीं है। पीएम मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में हमारे बहादुर जवानों के साथ दिवाली मनाना गहरी भावनाओं और गर्व से भरा अनुभव साबित हुआ। अपने परिवार से दूर रह रहे हमारे राष्ट्र के रक्षक अपने समर्पण से हमारे जीवन को रोशन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों का हौसला भी बढ़ाया। उन्हें जवानों के साथ नारा लगाते हुए देखा गया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे सुरक्षाबलों का साहस अटूट है। अपने प्रियजनों से दूर, सबसे दुर्गम इलाकों में तैनाती के दौरान उनका त्याग और समर्पण हमें सुरक्षित रखता है।



## गोरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में 300 लोगों की सुनीं समस्याएं

# बोले... घबराइए मत, हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई



**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

रविवार को वनटांगियों के साथ दीपावली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना।इत्मीनान से समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं।

जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान एक महिला अपनी बच्ची के दोनों आंखों में मोतियाबिंद की समस्या लेकर पहुंची थी। सीएम योगी ने उसे भरोसा दिया कि इसका इलाज सरकार कराएगी।

# आपसी विवाद में धारदार हथियार से पत्नी को काट डाला, पति गिरफ्तार

- संदेश थाना क्षेत्र के भटौली गांव की रविवार की देर रात की घटना

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के भटौली गांव में रविवार की रात सनकी युवक ने धारदार हथियार से पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका भटौली गांव निवासी अनिल मुसहर की 28 वर्षीया पत्नी धनमुनिया देवी थी। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति अनिल मुसहर को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना के संबंध में महिला के भाई मुन्ना मुसहर ने बताया कि रविवार की रात उसके जीजा अनिल मुसहर द्वारा किसी धारदार हथियार से उसकी बहन के सिर पर वार कर दिया गया। उससे उसकी बहन की मौके पर ही मौत हो गयी। सोमवार की सुबह गांव के लोगों के माध्यम से घटना की सूचना मिली। तब वह बहन के ससुराल भटौली गांव पहुंचा। पुलिस के अनुसार महिला के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगने और अधिक खून बहने के कारण मौत होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। आरोपित से पूछताछ कर कारणों की जानकारी ली जा रही है। अपने स्तर से भी छानबीन की रही है। बताया जाता है कि महिला की शादी लगभग दस वर्ष पूर्व हुई थी। उसे पुत्री कुसमी,जूली, पुत्र प्रहलाद और श्रवण है।

## दिवाली की पूजा कर रहे युवक को संदिग्ध स्थिति में लगी गोली, हालत गंभीर

**आरा।** भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के महतवनिया गांव में रविवार की देर शाम संदिग्ध स्थिति में युवक को गोली लग गयी। गोली उसके कमर में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी महतवनिया गांव निवासी विद्यानंद सिंह का 28 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार है। गोली लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। युवक के छोटे भाई संतोष कुमार ने बताया कि रविवार की शाम दरवाजे पर दिवाली की पूजा रही थी। घर के सभी लोग घर के दरवाजे पर खड़े थे। उसी दौरान अचानक उसके बड़े भाई को गोली लग गई। उससे वह जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा शहर स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। विनोद कुमार सिंह की गोली लगने की सूचना एक अस्पताल प्रबंधन के द्वारा थाना को प्राप्त हुई।

## एक नजर

### औरंगाबाद के लाल ने बांग्लादेश की धरती पर किया कमाल, चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**औरंगाबाद।** साउथ एशियन चैंपियनशिप शैंबो प्रतियोगिता में बिहार औरंगाबाद के दो लाल निखिल कुमार और उदय कुमार तिवारी ने कमाल कर दिया है। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनों खिलाड़ियों ने एक गोल्ड जबकि दूसरा कांस्य मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता बांग्लादेश में अयोजित किया गया। निखिल ने सेमीफाइनल में श्रीलंका और फाइनल में बांग्लादेश को पटखनी देते हुए गोल्ड पर कब्जा किया। अपने इस कारनामे से बिहार के लाल ने देशवासियों को गैरावांन्वित कर दिया। इस दौरान जहां निखिल ने गोल्ड पर , वहीं उदय कुमार तिवारी ने कांस्य पर कब्जा जमाया। इनके इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों में काफी उत्साह का माहौल है जिसके मद्देनजर ओबरा प्रखंड के अमिलौना पंचायत के कझवां गांव में इनका स्वागत समरोह का अयोजन किया गया। मौके पर लोगों बधाई एवं भविष्य और बेहतर करने की शुभकामनाएं दी।

### जहानाबाद: भवन निर्माण के एसडीओ को गोली मारने वाले अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जहानाबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है, जहां पुलिस ने भवन निर्माण के एसडीओ को गोली मारने वाले अपराधियों को धर दबोचा है। गौरतलब हो बीते शाम भवन निर्माण विभाग के एसडीओ कुमुद रंजन को शनिवार की रात्रि घर लौटने के दौरान अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था। जिसका इलाज पटना के पारस अस्पताल में कराया जा रहा है। जैसे ही इस बात की सूचना एसपी दीपक रंजन को लगी एसपी ने अपराधियों को पकड़ने के लिए एसआईटी टीम का गठन किया। टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल 5 अपराधी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक लोडेड पिस्तौल मैगजीन और कारतूस चार मोटरसाइकिल पांच मोबाइल भी बरामद किया गया है।

### जहानाबाद में दो टेंपो के आमने-सामने टक्कर

जहानाबाद। जहानाबाद हुलासगंज मखदुमपुर सड़क पर बौरी हाई स्कूल के समीप टेंपो के आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें 6 लोग घायल हो गए जिसमें तीन की हालत गंभीर बताई जाती है। सभी घायलों को इलाज के लिए हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि खुदौरी टोला नदी गांव से आधा दर्जन लोग टेंपो पर सवार होकर दंगल प्रतियोगिता देखने के लिए उवेर जा रहा था । विपरीत दिशा से टेंपो पर यात्री लेकर एक टेंपो हुलासगंज आ रही थी, जैसे ही ऑटो बौरी हाई स्कूल के समीप पहुंचा की दोनों टेंपो में आमने-सामने टक्कर हो गई। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहन चलाने के कारण यह घटना घटी है।

## खबरें फटाफट

### सवारियों से भरी बस पलटी, 12 लोग जख्मी

**औरंगाबाद।** सवारियों से भरी एक बस रविवार की देर शाम अनियंत्रित होकर पटल गई जिसमें सवार 12 सवार गंभीर रूप से जख्मी हों गए. मामला नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच -19 पर डायमंड होटल के समीप की हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मियों को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां सभी इलाजरत है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि जानकारी होने पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा और सभी जख्मियों को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान गनीमत रहा है कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

### अमीन हत्याकांड में डेढ़ दर्जन नामजद

**औरंगाबाद।** अमीन हत्याकांड में डेढ़ दर्जन अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया गया है। घटना को लेकर मृतक के पुत्र रंजय कुमार ने लिखित आवदेन थाना में समर्पित कर सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की हैं। उसने बताया कि जमीनी विवाद में उसके पिता इंद्रदेव मेहता की आरोपियों ने साजिश के तहत जमीन मापी के लिए बुलाया और इसके बाद माली थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलखी गांव के समीप सड़क पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दिया। विदित हो कि गत शुक्रवार को माली थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलखी गांव के समीप अमीन इंद्रदेव मेहता की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिल्हकी बिगहा गांव के रहने वाले थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में 18 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

### भूमि विवाद में दो पक्षों मे मारपीट

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थानाक्षेत्र के सोहलपुरा गाव मे भूमि विवाद मे दो पक्षों मे मारपीट की घटना मे तीन लोग जख्मी हो गए। परिजनों की मदद से घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह मे पहुचाया गया जहा के चिकित्सकों ने प्रारम्भिक इलाज के बाद दो को बेहतर इलाज को लेकर गया रेफर कर दिया है।इधर दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमे एक को पुलिस की देखरेख मे इलाज कराया जा रहा है ।

## हर्ष फायरिंग: नवादा थाना क्षेत्र के रस्सी बागान मोहल्ले की घटना

# गायडाढ़ पूजा के दौरान फायरिंग गोली लगने से तीन बच्चे जख्मी

- घायलों का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज
- मामले की छानबीन व आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस
- एसपी बोले: फायरिंग करने वाला चिन्हित, गिरफ्तारी के लिए गठित की गई है टीम

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के रस्सी बगान मोहल्ला में सोमवार की शाम गायडाढ़ पूजा के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। हर्ष फायरिंग की इस वारदात में किशोर समेत तीन बच्चे गोली लगने से गंभीर रूप जख्मी हो गए। इनमें दो के हाथ में गोली लगी है जो आरपार हो गयी है, जबकि एक के प्राइवेट पार्ट के पास गोली है। तीनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ला निवासी सुनील पासवान का 12 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार, राजन साव का आठ वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और धीरज कुमार का 12 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार शामिल है। फायरिंग की इस वारदात से सनसनी और भगदड़ मच गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत और एसआई चंदन कुमार भगत पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे।

थानाध्यक्ष ने घायलों से मिल घटना के संबंध में जानकारी ली। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि फायरिंग करने वाले की पहचान कर ली गयी है। गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित कर दी गयी है। छापेमारी की जा रही है।आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि सोमवार बच्चे रस्सी बगान मोहल्ले में गायडाढ़ पूजा देखने गये थे। तभी हर्ष फायरिंग के दौरान अंधाधुंध गोलीबारी की जाने लगी। उसमें तीनों को गोली लग गयी। गोलू कुमार को दाहिने हाथ में गोली लगी है जो आर पार हो गई है। मोनू कुमार को गोली उसके प्राइवेट पार्ट्स के ऊपर लगी है जो अंदर फांसी हुई है। वहीं अंकित कुमार के बाएं हाथ में गोली लगी है, जो आर-पार होते बाएं साइड सीन को छूते हुए निकल गई है।



### बच्चे बोले: पूजा देख रहे थे, तभी चलने लगी गोली

जख्मी अंकित कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम तीनों रस्सी बागान मोहल्ले में गायडाढ़ देख रहे थे। उसी दौरान किसी द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की जाने लगी। उसमें तीनों को गोली लग गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इधर, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाहर टोला निवासी के ही एक युवक द्वारा गोली चलाने की बात सामने आ रही है। इधर, अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में मौजूद ऑन ड्यूटी चिकित्सक डा.शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जवाहर टोला के गोलू कुमार, अंकित कुमार और मोनू कुमार तीनों बच्चे गोली से जख्मी हालत में यहां आए है। इनमें गोलू कुमार और अंकित कुमार को गोली लगी है, वह आरपार हो गई है। मोनू कुमार को जो पेट के निचले हिस्से पास गोली लगी है। वह अंदर फांसी हुई है। उसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि तीनों बच्चों की स्थिति अभी स्टेबल है।

### भाग रही गाय को पकड़ने आहर में गये किसान की डूबने से किसान की मौत

**आरा।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नेउरपोखर गांव में सोमवार की सुबह आहर में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक नेउरपोखर गांव वार्ड नंबर 3 निवासी स्व.रामानंद दास के 46 वर्षीय पुत्र कन्हैया दास थे। उनके भतीजे टार्जन कुमार ने बताया कि घर के बाहर कुछ दूरी पर गाय बंधी थी। सोमवार की सुबह वह दुहने के लिए गाय को खूंटे से खोलकर दरवाजे के पास ला रहे थे। तभी गाय रस्सी छुड़ा कर भाग गई और आहर होते खेत में चली गई। गाय को पकड़ने के लिए वह भी आहर पार करने लगे। लेकिन तैरना नहीं आने के कारण जाकर गाय को ले आता हूं। लेकिन उन्हें तैरना नहीं आने के कारण वह आहर में डूब गए। उससे उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद बच्चों की सूचना पर वह सब फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें पानी से बाहर निकाला। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए दुलौर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा देख उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी अनीता देवी, पुत्री निशा देवी,रानी कुमारी,अंजल कुमारी, पुत्र विकास कुमार और आकाश कुमार है।

### शौच करने गयी मासूम की करंट लगने से मौत

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव में रविवार की सुबह करंट लगने से एक बच्ची की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत बच्ची बड़का चंदा गांव निवासी अजीत कुमार की चार वर्षीया पुत्री अंशिका थी। उसकी दादी मंजू देवी ने बताया कि रविवार की सुबह वह शौच करने के बाद घर के पीछे मुंह धो रही थी। उसी दौरान अर्थिंग के तार में उसका हाथ स्पर्श कर गया। उसके कारण उसे करंट लग गया। उसकी कराहने की आवाज सुन दादी पहुंची और इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल ले गयी। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सिगरेट मांगने के विवाद में गई महिला की जान, हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

सिगरेट के विवाद में एक महिला के साथ मारपीट के दौरान मौत हो गई। मामला जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत मखरा गांव की हैं। महिला की पहचान उस गांव निवासी सोहराई सिंह की पत्नी फूल कुमारी देवी के रूप में की गई है। इस घटना से दो पक्षों में तनाव उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की यथा स्थिति को काबू किया जिसमें थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुऐ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी सूर्यदेव है।

जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम अजय सिंह के दुकान पर गांव का ही एक युवक पवन कुमार गया और सिगरेट की मांग की, लेकिन दीपावली पूजा का समय होने के कारण अजय की मां ने सिगरेट देने से मना किया और बोला पूजा के बाद आना। इस बात को लेकर पवन ने महिला से कुछ अपशब्द कहे और गाली-गलौज किया जिस पर महिला के पुत्र अजय सिंह ने विरोध किया तो पवन एवं सूर्यदेव तथा इनके परिजनों ने मारपीट शुरू कर दिया। इसी क्रम में महिला को गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई। एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खा ने बताया कि सिगरेट के विवाद में महिला के साथ मारपीट के दौरान मौत हुई है।

## दोस्त के घर गये युवक की संदिग्ध मौत, मुंह से निकल रहा था झाग

**केटी न्यूज/आरा**

कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव में रविवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उस कारण नशीला पदार्थ खाने से मौत की आशंका जताई जा रही है।

मृतक कोईलवर गांव निवासी अशोक कुमार गुप्ता का 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार था। बताया जा रहा कि है वह नशीले पदार्थ का सेवन करने का आदी था। उस कारण वह कभी-कभी बाहर नशा करके बाहर ही सो जाता था। शनिवार की शाम करीब छह बजे घर से बिना कुछ कहे निकला था और अपने गांव के एक दोस्त के घर पर ठहर गया था। रविवार की सुबह उसके दोस्त द्वारा सूचना दी कि सन्नी कुमार की तबीयत काफी बिगड़ गई है। सूचना पर परिजन पहुंचे, तो देखा कि बेहोशी हालत में है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। हालांकि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, नशीले पदार्थ का सेवन करने के कारण उसकी मौत होने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि युवक की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी।

## जहानाबाद के डीएम ने छठ पर्व पर घाटों पर की जाने वाली तैयारी की समीक्षा की, दिए निर्देश


# सुरक्षा को देखते हुए छठ घाटों की ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से करें निगरानी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को छठ पर्व के मद्देनजर घाटों पर की जाने वाली तैयारी की समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने छठ पूजा के मद्देनजर जिले के सभी छठ घाटों की साफ सफाई कराने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को दिया और नदियों का बैरीकेडिंग करने का भी निदेश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि छोटे घाटों की साफ-सफाई श्रम दान के माध्यम से करने हेतु आमजनो को जागरूक करेंगे। साथ ही महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था और अस्थाई शौचालय निर्माण कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को दिया गया। पानी का आकलन कर सही से बैरिकेडिंग करने का निदेश दिया गया। आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, विद्युत को दिया गया। बैठक में बताया गया कि एसडीआरएफ की दो टीम की मांग विभाग से की गई है, जिससे आवश्यकता अनुसार प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया।



बैठक में जिला अग्निशामक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में सात छोटी तथा दो बड़ी गाड़ी अग्निशामक की उपलब्ध है, जिसे आवश्यकता अनुसार तैनात किया जाए। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि तैराको की व्यवस्था नियंत्रण कक्ष में रखा जाए, ताकि आवश्यकता अनुसार तैराकों को भेजा जा सके। साथ ही भीड़ को घाटों के नियंत्रण कक्ष में माईकिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। वाहन पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ताकि घाटों पर लोगों को आने जाने में असुविधा ना हो। साथ ही घाटों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन कैमरा एवं सीसीटीवी कैमरे का पर्याप्त व्यवस्था की जाए।







## खबरें फटाफट

### जमीन के विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव में जमीन विवाद को लेकर सहोदर भाइयों के बीच मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में शशिपाल दुबे ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि मेरे बड़े भाई रामकृपाल दुबे द्वारा मेरी संपत्ति को हड़पने का लिए दबाव बनाया जाता है। मेरे इंकार करने के बाद भाई द्वारा अचानक लाठी से पिटाई कर जख्मी कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर बड़े भाई रामकृपाल दुबे ने अपने आवेदन में पुलिस को बताया है कि छोटे भाई ने मेरे ऊपर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया। आनन–फानन में परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में दाखिल कराया, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया। इस मामले में जख्मी ने अपने छोटे भाई शशिपाल दुबे के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। दोनों भाइयों के बीच हिस्सेदारी को लेकर जमीनी विवाद पूर्व से ही चल रहा था। विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और मामला मारपीट में बदल गया। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों के आवेदन पर मामले को दर्ज कर जांच–पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ महिला की मौत

**डुमरांव।** टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन के अप लाईन में सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव की रहने वाली इंद्रासनी देवी उम्र 55 वर्ष थोड़ी देर पहले ही डाउन प्लेटफार्म पर पैसेंजर ट्रेन से उतरी थी। वह ट्रैक पार कर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान अप लाईन से गुजर रही थ्रू ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। जीआरपी प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दीपावली पर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता रहा शहर, खूब हुई आतिशबाजी

- लोगों के घरों में लक्ष्मी गणेश की पूजा कर बनाया गया पकवान

**केटी न्यूज/बक्सर**

दीपों का त्योहार दीपोत्सव रविवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। जिलेभर में हिंदुओं के इस प्रमुख त्योहार पर उल्लास देखने को मिला। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दीपावली पारंपरिक माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान लोगों के घर वंदनवार, रंगोली, मिट्टी के दीयो के साथ ही कृत्रिम लाईटों से सजे थे। देर रात तक आतिशबाजी का दौर जारी रहा। बच्चों के साथ युवाओं ने भी आतिशबाजी का लुफ्त उठाया।







बक्सर तथा डुमरांव के अलावे जिले के सभी प्रखंडो में दीपावली शांतिपूर्ण मनाए जाने की जानकारी मिली है। डुमरांव में दीपावली का उत्साह देखते ही बनता था। शाम ढलने के पहले ही बक्सर तथा डुमरांव का चप्पा चप्पा दुधिया रौशनी से नहा गया था। इस दौरान कई लोग अपने घरों को सजाने के लिए केले के थंब तथा फूलों के गजरा भी लगाए थे। जबकि पहले से ही साफ सफाई व रंग रोगन का काम पूरा कर लिया गया था। शाम ढलने के साथ ही दुधियां रौशनी के बीच आकाश में पटाखों की रंग बिरंगी छंटा तथा तेज धमाका सुनाई पड़ने लगा, जो मध्य रात्रि तक जारी रहा।

दीपावली के दिन व्यवसायियक प्रतिष्ठानों तथा लोगों के घरों में सिद्धि विनायक भगवान गणेश व धन की देवी मां लक्ष्मी की वैदिक विधान से पूजा अर्चना की गई। व्यवसायियों द्वारा दीपावली से ही नयें खाता बही का संधारण किया जाता है। दीपावली की शाम बाजार में रिकार्ड भीड़ उमड़ी थी। महंगाई के बावजूद पटाखों, कृत्रिम लाईटों आदि की जमकर बिक्री हुई। बता दें कि यह त्योहार भगवान श्रीराम के से जुड़ा है। मान्यता है कि दशहरा के दिन रावण का वध करने के बाद भगवान श्रीराम दीपावली के दि नही अयोध्या लौटे थे। तब अयोध्यावासियों ने उनके स्वागत में पूरे नगर में दीप जलाए थे तथा पटाखे छोड़े थे। इसी की याद में आज भी यह त्योहार पूरे उमंग के साथ मनाया जाता है।

## धनसोई थाना क्षेत्र के पर्वतचक गांव में दिवाली की शाम की घटना

# मंदिर में दीप जलाने गए युवक को मारी गोली, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

धनसोई थाना क्षेत्र के पर्वतकचक गांव में एक युवक को गांव के ही युवकों ने आपसी विवाद में गोली मार जख्मी कर दिया। घटना दीपावली की शाम 6.30 बजे की है। इस मामले में परिजनों ने गांव के ही छह युवकों को नामजद किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। वही इलाज के बाद जख्मी की हालत स्थिर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पर्वतकचक के श्रीकांत सिंह यादव रविवार की शाम अपने घर से काली मंदिर में दीपक जलाने गए थे। इसी दौरान किसी बात को ले गांव के ही कुछ युवकों के साथ उनका विवाद हो गया। इसी विवाद में एक युवक ने कट्टा से फायर कर दिया।

गोली लगने से श्रीकांत खून से लथपथ हो जमीन पर गिर गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर ले गए। वही पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल व आरोपियों की गिरफ्तार में जुट गई। धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में परिजनों ने छह लोगों को नामजद किया है। दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वही ग्रामीण सूत्रों की मानें तो आरोपी पहले से ही मनबढ़ू स्वभाव के है तथा बात बात पर किसी से भी झगड़ा कर लेते है। इस घटना के बाद गांव में गुटीय तनाव व्याप्त है। लेकिन स्थिति नियंत्रित बताई जा रही है।



### मछली मारने के दौरान डूबने से किशोर की मौत

**राजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव में सोमवार को मछली मारने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई है। मृतक विजय राम का 17 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार बंशी से मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया तथा वह गहरे पानी में चला गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तबतक वह आंखो से ओझल हो गया था। हालांकि आनन फानन में ग्रामीण गोताखोरों ने तालाब में उतर शव की तलाश शुरू कर दी। करीब आधे घंटे के प्रयास के बाद गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। परिजन उसे लेकर तत्काल राजपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वही राजपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा।

### विवाहिता की हत्या कर फरार हो गए ससुराल वाले, जांच में जुटी पुलिस

**ब्रह्मपुर।** बगेन थाना क्षेत्र के बराढ़ी गांव में एक विवाहिता की हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की मां ने इस मामले में ससुराल पक्ष के चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। वही घटना के बाद से ही ससुराल वाले शव को छोड़ फरार हो गए है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव मायके वालों को सौंप दिया है। मृतका शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना गांव के राजकुमार यादव की पुत्री फूलवंती देवी है। उसकी शादी दो वर्ष पहले ही बगेन थाना क्षेत्र के बराढ़ी गांव निवासी महेन्द्र यादव के पुत्र पवन यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए दबाव बना रहे थे। इस मामले में दो तीन बार पंचायती भी हुई थी। वही शुक्रवार की रात ससुराल वाले उसकी हत्या कर फरार हो गए। पड़ोसियों ने मायके वालों को इस घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने पुलिस को जानकारी दी। मृतका की मां भगवानों देवी ने ससुराल पक्ष के चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है।

### 10 वर्षीय किशोरी ने लगाई फांसी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को एक दस वर्षीय किशोरी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। घटना के वक्त उसकी मां बैंक में पैसा निकालने गई थी जबकि पिता अपनी पिकअप चलाने गए थे। इसी दौरान किशोरी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पंखे से लटक फांसी लगा ली। जब उसकी मां बैंक से वापस लौटी तो उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पा उसे खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन देर तक अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने खिड़की से झांक कर देखा तो बेटी फंदे पर झूल रही थी।

### अखौरीपुर गोला में मोबाइल दुकान में लगी आग, लाखों का सामान खाक

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अखौरीपुर गोला पर दीपावली की रात मोबाइल और इलेक्ट्रिक दुकान में भीषण आग लगने से लगभग 15 लाख का सामान जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना बंद दुकान के अंदर सॉर्ट सर्किट से हुई है। आसपास के लोगों को जबतक इस मामले की जानकारी होती तबतक आग ने भयंकर रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही सूचना पर एक दमकल की भी गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन तबतक आग बुझ गया था। मिली जानकारी के अनुसार अखौरीपुर गोला पर कनक नारायणपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह अपना इलेक्ट्रिक और मोबाइल का दुकान चलाते है। दीपावली की संध्या दुकान में पूजा पाठ कर दुकान बंद कर वे घर चले गए। तभी कुछ देर के बाद उनके मोबाइल पर फोन आया की दुकान में आग लग गई है। जो भागे भागे दुकान पर पहुंच जब दुकान को खोले तो दुकान में रखे सभी समान धूं धूं कर जल रहा था। आग की लपटें निकल रही थीं।




### रेल की संपति चुराने के आरोप में कबाड़ संचालक पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



आरपीएफ ने रेलवे की संपति चुराते एक चोर तथा उसे खपाने के आरोप में कबाड़ संचालक पिता पुत्र समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उनके पास से 25 किलो कॉपर वायर समेत रेलवे के कई अन्य कीमती सामान मिले है। गिरफ्तार चोर डुमरांव छठिया पोखरा के राधेश्याम चौधरी का पुत्र उमेश चौधरी जबकि निमेज टोला के कबाड़ संचालक मुन्ना गुप्ता व उसका पुत्र सगुन गुप्ता शामिल है।

जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर में दुर्घटनाग्रस्त हुई नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस से कॉपर का तार चुराते उमेश को आरपीएफ की टीम ने दबोचा था। जब उससे पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वह इसके पहले भी तार तथा अन्य उपकरण चुराकर डुमरांव ठठेरी बाजार के मुन्ना गुप्ता के कबाड़ दुकान पर बेचा है। जिसके बाद आरपीएफ की टीम उसे लेकर उक्त कबाड़ दुकान में छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में कॉपर तार, हेक्सा ब्लेड, पिलास समेत कई अन्य उपकरण बरामद हुए। इसके बाद आरपीएफ की टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर जीआरपी को सौंप दिया।

### इंवेस्टमेंट के नाम पर 8 करोड़ 20 लाख रुपए की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के गोलम्बर ऐम्बेस्डर होटल के समीप वर्ष 2018 में वीजी गोल्ड इंवेस्टमेंट कम्पनी खोलकर जिले के लोगो से आठ करोड़ 23 लाख की ठगी कर चम्पत हो जाने वाले शरद कुमार को बक्सर पुलिस ने सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2018 में जिला में वीजी मार्ट खोला गया। जो की बाद में वीजी गोल्ड कर जिला के लोगों से पैसा इंवेस्ट कराया गया। कंपनी के कर्मी यूपी के सीतापुर जिला के तम्बौर थाना क्षेत्र के विस्वा खुर्द के रहने वाले शरद कुमार, अयोध्या के संजय सिंह, पटेल नगर के सुनील कुमार और लखनउ के हरिनाम सिंह ने जिला के लोगों को अपने झांसे में लेना शुरू किया। कंपनी ने लोगों को झांसा दिया कि उनकी कंपनी प्रोपर्टी, गोल्ड और अन्य क्षेत्रों में निवेश करती है। कंपनी में जिला के लोगों ने करीब 8 करोड़ 23 लाख रुपए जमा किया। कंपनी के तय समय पर लोगों ने जब पैसे की मांग शुरू की तो कर्मियों के द्वारा बरगलाने का कार्य किया जाने लगा। वही कंपनी के कर्मी मार्च 2020 में ऑफिस में ताला लगा गायब हो गए। तब ठगी के शिकार लोगों ने टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। वही इस मामले में पूर्व नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने मामले में दो आरोपित सुनील कुमार और संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि उस समय शरद कुमार पुलिस के गिरफ्त से बचा रहा।




## केसठ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पूजा समितियों की ओर से स्थापित की गई है प्रतिमा

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ खुला पट, मां लक्ष्मी-गणेश ने दिए दर्शन

**केटी न्यूज/केसठ**

दीपावली के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पूजा समितियों द्वारा मां लक्ष्मी व गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति की तरफ से पंडाल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पट खोला गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय मां लक्ष्मी के जय घोष से गूंज उठा। विभिन्न पंडालों में रखे मां लक्ष्मी व गणेश की मूर्तियों के दर्शन करने वाले महिला, पुरुष, युवक युवतियों का तांता लगा रहा। मां भवानी मंदिर में रखे बालक दल लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि धूम धाम से दीपोत्सव का त्योहार मनाया गया है।भक्तों ने मां लक्ष्मी के दर्शन कर धन यश की प्राप्ति के लिए प्रार्थना किए। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। घरों में दीप जलाकर पर्व को मनाया गया। पूरा क्षेत्र रोशनी से नहाया हुआ था। लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरह सजाया था। शाम के समय मां लक्ष्मी व श्रीगणेश का पूजन विधि विधान से किया गया।



### कतिकनार में दो दिवसीय स्मृति समारोह शुरू

**केसठ।** प्रखंड के कतिकनार गांव स्थित अद्वैत आश्रम में दीपावली के अगले दिन सोमवार की रात से दो दिवसीय स्मृति समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अद्वैत आश्रम के महाराज श्री 108 परमेश्वरानंद परमहंस जी की याद में हर साल ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम सोहराई के दिन किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कार्यक्रम 1960 से लगातार आयोजित होते आ रहा है। जहां महाराज जी के हजारों शिष्य पहुंचते है। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। बाहर से आये लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसको लेकर ग्रामीण तत्पर रहे। वही महाराज जी के समाधि स्थल के दर्शन के लिए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बंगाल समेत अन्य राज्यों के आलावा बिहार के सासाराम, मोहनिया, भोजपुर, डिहरी समेत विभिन्न जिलों के हजारों शिष्य पहुंचे थे। बाहर से आने वालें भक्तों को आश्रम के धर्मशाला समेत गांव के घरों में ठहरने की व्यवस्था की गयी थी। देर रात तक भजन कीर्तन प्रवचन व आरती का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में शिष्यों ने प्रसाद ग्रहण किया।



# इलेक्ट्रॉनिक गुड्स मार्केट, आईटी समेत कई सेक्टर्स में बढ़ा यूपी का दबदबा

- विभिन्न इंडस्ट्रियल सेक्टर में प्रोडक्शन पर दिख रहा असर
- देश में बनने वाले 55 फीसदी मोबाइल कॉम्पोनेंट्स का यूपी में हो रहा उत्पादन
- 40 प्रतिशत मोबाइल हेडसेट्स का भी उत्पादक बना उत्तर प्रदेश

**केटी न्यूज/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की सीएम योगी की कवायद अब रंग दिखाने लगी है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार की नीतियां धरातल पर असर दिखाने लगी हैं। इसका परिणाम यह है कि वर्तमान में देश में बनने वाले 40 प्रतिशत मोबाइल हेडसेट्स का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। वहीं, मोबाइल कॉम्पोनेंट्स में उत्तर प्रदेश के रुतबे की क्या स्थिति है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के कुल 55 प्रतिशत मोबाइल कॉम्पोनेंट्स का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में हो रहा है। ये एक बानगी भर है, वास्तविकता में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स मार्केट में उत्तर प्रदेश देश में अव्वल मुकाम रखता है और इसी कारण वह देश में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। इतना ही नहीं, देश में सबसे तेजी से विकसित हो रहे आईटी के हब के तौर पर भी उत्तर प्रदेश न केवल देश बल्कि दुनिया भर में अपनी छाप छोड़ रहा है। ये सारी उपलब्धियां सीएम योगी के विजन और कमिटमेंट को दशार्ती हैं, जिस पर इनवेस्ट इंडिया के हालिया आंकड़ों ने मुहर लगा दी है। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स व इंडस्ट्री के अंतर्गत इनवेस्ट इंडिया एक एजेंसी के तौर पर कार्य करता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नेशनल इनवेस्टमेंट प्रमोशन व फेसिलिटेशन को बढ़ावा देना है।

**रोड नेटवर्क, खाद्यान्न समेत कई सेक्टर्स में बढ़ा दबदबा:** उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे बड़े रोड नेटवर्क वाले राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। मेरठ, मुरादाबाद, कन्नौज, कानपुर, आगरा, वाराणसी, भदोही व लखनऊ प्रदेश के मुख्य व्यापारिक केंद्रों के तौर पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। खाद्यान्न की दिशा में तो उत्तर प्रदेश पहले से ही अग्रणी है, मगर अब देश में फूड प्रोडक्शन के लिहाज से 8 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादों का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश मत्स्य उत्पादन में तीसरे व फ्रोजन मीट उत्पादन में पहले पायदान पर है। 15 एग्रो व फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर्स व 4 एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट जोन के कारण उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी लगातार तरक्की कर रहा है। इसके अतिरिक्त, हैंडलूम सेक्टर में भी उत्तर प्रदेश देश में तीसरे पायदान पर काबिज है।

### विजन के कारण बदली उत्तर प्रदेश की तस्वीर

उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को सही दिशा देने के लिए प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने जो काम किए हैं उसका असर देश-दुनिया में दिखने लगा है। इनवेस्ट इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश की जनसंख्या ब्राजील के बराबर है, मगर राज्य में पीएम और सीएम के विजन का सही क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश की दशा और दिशा में व्यापक सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर्स का चयन किया गया है, जिनमें पॉलिसी निर्धारण, रियायतें, लैंड अलॉटमेंट समेत तमाम प्रक्रियाओं के जरिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### हैंडलूम, टूरिज्म व एग्रो सेक्टर में भी बढ़ी धाक

इनवेस्ट इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन व मैनुफैक्चरिंग (ईएसडीएम) सेक्टर से जुड़ी 196 कंपनियां कार्यरत हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 30 स्पेशल इकॉनमिक जोन व 40 आईटी व आईटीईएस पार्क हैं, जो प्रदेश की पहचान देश के नए आईटी हब के तौर पर विकसित कर रहे हैं। योगी सरकार की नीतियों के कारण नोएडा व ग्रेटर नोएडा में रिसर्च व डेवलपमेंट सेंटर्स का विकास हुआ है। इसी प्रकार, सेमीकंडक्टर्स को लेकर शोध कर रही कंपनियों की भी इन क्षेत्रों में दिल्ली से नजदीकी के कारण व्यापक उपस्थिति बनी हुई है।

## एक नजर

### दिवाली के अवसर पर किंग्स ईडेन इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**मऊ।** किंग्स ईडन इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगी रंगोली बनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ प्रवीण कुमार मद्धेशिया एवं डायरेक्टर डॉक्टर मोनिका गुप्ता, प्रिंसिपल राजेश मिश्रा सहित सभी शिक्षकों ने बारी बारी से बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। रंगोली बनाने वाले छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए शिक्षा के साथ-साथ रंगोली एवं खेलकूद में भी प्रतिभाग करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया गया । इस अवसर पर चेयरमैन डॉ प्रवीण कुमार मद्धेशिया ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया।

### मऊ में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति अनावरण और कायस्थ महा सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**रतनपुरा (मऊ)।** 16 नवंबर को घोसी के पिढ़वल ग्राम पंचायत में आयोजित भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की मूर्ति अनावरण अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सम्मेलन व लेखनी सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर घूम कर जहां निमंत्रण पत्र बाट कर कायस्थ बंधुओ को इस कार्यक्रम में आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आयोजक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में दिन-रात लगे हुए हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार श्रीवास्तव महामंत्री सुबोध कुमार श्रीवास्तव रतनपुरा ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, विजयकांत श्रीवास्तव, गोपाल कुमार श्रीवास्तव ,राजू लाल श्रीवास्तव ,दया शंकर श्रीवास्तव उर्फ दीपू लाल, मनोहर लाल श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, कौशल जी श्रीवास्तव व्यापक पैमाने पर संपर्क अभियान चला रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण डॉक्टर अरुण सक्सेना होंगे इसके अलावा इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध वर्ग के विशिष्ट जन भी प्रतिभाग करेंगे प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया इस कार्यक्रम को लेकर कायस्थ बांधों में व्यापक उत्साह का वातावरण है और रतनपुरा ब्लाक से इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में कायस्थ बंधु प्रतिग करेंगे। प्रोफेसर विजय भूषण गौड़ रतनलाल गौड़ एवं अमूल गौड़ के अथक प्रयास से निर्मित श्री चित्रगुप्त महाराज जी के इस मंदिर में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए संपूर्ण मऊ जनपद के कायस्थ बंधू कार्यक्रम की सफलता में जुटे हुए हैं।

### रतनपुरा रेलवे स्टेशन के उत्तरी प्लेटफार्म पर सीढ़ी बनाए जाने की मांग

**मऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के इंदारा फेंकना रेल खंड पर अवस्थित रतनपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का उच्चीकरण अभिनवीकरण तथा ऊपरीगामी रेल पथ का निर्माण हो चुका है। परंतु प्लेटफार्म नंबर 1 का उच्चीकरण तथा विस्तारीकरण न होने से यात्रियों को उत्सर्ग एक्सप्रेस तथा इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार होना काफी दूरूह हो जाता है। बताया जाता है कि अधिकांश सवारी और मेल गाड़ियां प्लेटफार्म नंबर एक पर ही ठहराव लेती है। जबकि एक नंबर प्लेटफार्म आजादी के बाद से अब तक पुराने वाले ही ढांचे पर यात्रियों की सेवाएं दे रहा है। जिसकी कुल दूरी 400 मीटर के लगभग है। जबकि नया प्लेटफार्म 675 मीटर की दूरी का बनाया गया है। आलम यह है कि प्लेटफार्म नंबर एक पर जब उत्सर्ग एक्सप्रेस रूकती है तो एक तो प्लेटफार्म काफी नीचे है। दूसरी बड़ी समस्या यह है कि जिन यात्रियों को जनरल बोगी में सवार होना होता है, उन्हें कंक्रीट के ऊपर चढ़कर के पुराने रेल फाटक की तरफ जाना पड़ता है।

## खबरें फटाफट

### चिमनी मोड़ पर जीप की टक्कर से बाइक सवार युवक गिरकर घायल

**बलिया।** बैरिया थाना अंतर्गत एनएच-31 पर सूघरछपरा व दुबेछपरा के बीच चिमनी मोड़ पर सोमवार को शाम 5 बजे के लगभग तेज रफ्तार कमांडर जीप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर कर छटपटाने लगा। घटना के बाद कमांडर जीप बलिया की तरफ भाग निकली। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को ई रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि उदईछपरा निवासी 35 वर्षीय रामबाबू चौधरी, रामगढ़ बाजार से सामान खरीद कर अपने घर वापस लौट रहा था कि रास्ते में सूघरछपरा और दुबेछपरा के बीच चिमनी मोड पर सामने से आ रही सवारी से भरी तेज रफ्तार कमांडर जीप ने जोरदार टक्कर मार दिया। घायल रामबाबू चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। यहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## खुलासा: बलिया के बकवा गांव में युवक की गला काटकर की गई थी हत्या

# इरफान हत्याकांड में एक महिला समेत दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- एसओजी व बांसडीह पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई
- प्रेमिका ने दूसरे प्रेमी संग मिलकर की पहले प्रेमी की हत्या

**केटी न्यूज/बलिया**



बांसडीह पुलिस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रविवार को एक महिला समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला को उसके घर और आरोपी युवक को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। घटना के पीछे लव स्टोरी प्रकाश में आया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम व पता क्रमशः दीपिका सिंह पत्नी अशोक कुमार सिंह निवासी बकवा थाना बांसडीह कोतवाली तथा भीम यादव निवासी श्रीरामपुर प्रांत पश्चिम बंगाल बताया।

बता दे कि बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बकवा गांव के बाजार स्थित ट्रांसफार्मर के पास खेत में आठ नवंबर की रात बदमाशों ने युवक की गला काटकर हत्या कर दिया था और साक्ष्य को छिपाने के उद्देश्य से गांव के बाजार स्थित ट्रांसफार्मर के पास खेत में शव को फेंक दिया था। जिसे अगले दिन खेत जोतने गए ट्रैक्टर चालक ने देखा और शोर मचाया। सूत्रों की माने तो पड़ोसन दीपिका सिंह का मृतक इरफान से प्रेम प्रसंग चलता था। इसके बाद वह अपने पति के यहा पश्चिम बंगाल चली गई। जहां घर दूध देने वाले रामपुर निवासी भीम यादव से प्रेम हो गया। जब आरोपी महिला का पति ड्यूटी पर चला जाता था तब दोनों मिला करते थे। दीपावली का त्योहार मनाने के लिए दीपिका अपनी बूढ़ी सास को लेकर गांव चली आई। जिस ट्रेन से दीपिका आई, उसी ट्रेन से उसका दूसरा प्रेमी भीम यादव भी आया। आरोपी महिला की बूढ़ी सास दरवाजे पर रहती थी। जबकि भीम घर मे रहता था।

उधर, पहले प्रेमी इरफान को यह पता चल गया कि दीपिका घर आई है। वह घटना के दिन अपने घर वालों को यह बता कर गया कि हम एक जगह दावत में जा रहे हैं। रात में नहीं आऊंगा।तत्पश्चात वह रात में अपनी प्रेमिका दीपिका के घर चला गया, जहां दरवाजा बंद था, उसने दरवाजा अंदर जाने के लिए खुलवाया। लेकिन वह नहीं खोल रही थी। अंत में वह घर में किसी प्रकार प्रवेश कर गया और प्रेमिका के साथ जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। यह दूसरे प्रेमी भीम यादव को नागवार लगा। इसके बाद दोनों ने मिलकर इरफान की पहले रस्सी से गर्दन दबाया। इसके बाद वह जिंदा ना रहे चाकू से गला काट दिया और गांव की बाजार स्थित ट्रांसफार्मर के पास खेत में साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से फेंक दिया था। जिसे अगले दिन ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से जांच की। जिसमें मृतक का बूंद बूंद खून जगह-जगह गिरा हुआ था। जिसके आधार पर वह आरोपी महिला के घर तक पहुंची और लोगों के मोबाइल लेकर सर्विलांस पर ट्रेस किया। जिसके बाद घटना का पदार्फाश हुआ।

### जीजा ने चाकू से हमला कर साला को किया घायल अस्पताल में चल रहा इलाज

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के उत्तर टोला में सोमवार की दोपहर करीब एक बजे जीजा-साला के विवाद में जीजा ने साला को चाकू से हमला कर दिया। जिससे साला घायल हो गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। आपको बताते चले कि उत्तर टोला निवासी विशाल साहनी उम्र 22 वर्ष पुत्र प्रेम साहनी के घर उसके जीजा सिवान के चारौली निवासी शुभम अपने ससुराल मनियर के उत्तर टोला आया हुआ था। इसी बीच जीजा शुभम और साला विशाल साहनी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि जीजा शुभम ने साला विशाल साहनी को चाकू के हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। वहीं घटना के बाद जीजा शुभम मौके से फरार हो गया।

परिजनों ने घायल विशाल साहनी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मंतोष कुमार ने बताया है घटना की जानकारी है। मामले की छानबीन की जा रही है। खबर लिखे जाने तक इस बात की जानकारी नहीं हो सकी है कि आखिर दोनों के बीच किस बात को लेकर कहासुनी हुई थी।

# पोखरे में नहाने के दौरान डूबने से एक व्यक्ति की मौत

- मऊ जनपद के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के चंडी सागर पोखरे में हुई घटना
- पुलिस ने गोता खोरो की मदद से 3 घंटे बाद शव किया बरामद

**केटी न्यूज/मऊ**



जनपद के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र अंतर्गत चंडी सागर पोखरे में लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति की नहाते समय डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लगभग 3 घंटे बाद शव को बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के चंडी सागर पोखरे में 40 वर्षीय अनिल गुप्ता पुत्र हुकुमचंद गुप्ता निवासी अस्तुपूरा थाना दक्षिण टोला सोमवार की सुबह लगभग 7:00 बजे नहाने के लिए गए हुए थे देखते देखते गहरे पानी में चले गए और लुप्त हो गए।

तभी किसी ने बताया कि अनिल गुप्ता नहाते नहाते गायब हो गए हैं। घटना की जानकारी आग की तरफ फैल गई और मोहल्ले वासियों की भीड़ एकत्रित हो गई। किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि लगभग चालीस वर्षीय व्यक्ति की पोखरी में डूबने से मौत हो गई है । घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दिया और गोताखोरों की मदद से लगभग 3 घंटे के बाद शव को खोज निकाला गया । चिकित्सीय सलाह के अनुसार व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### दीपावली पर जा रहे थे मंदिर में दीपक जलाने छीन ले गई मौत

**सिकंदरपुर।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ती बुजुर्ग गांव में रविवार की देर शाम काली मंदिर पर दीपक जलाने जा रहे बुजुर्ग को साड़ ने पटक दिया। इससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन बुर्जुग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बस्ती बुजुर्ग निवासी राजकुमार गुप्ता (87) आपने पुत्र शेषनाथ गुप्ता के साथ दिवाली पर दीपक जलाने पास के काली मंदिर जा रहे थे। इसी बीच, अंधेरे में खड़ा एक साड़ ने अचानक उन पर हमला कर दिया, जिससे राजकुमार बुरी तरह घायल हो गए। दिवाली के दिन हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।




## अयोध्या में दो सौ करोड़ की लागत से बनेगा लक्ष्मण पथ

# यूपी सरकार अयोध्या को देने जा रही एक और फोर लेन की सौगात

- राम पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ के बाद 12 किमी लंबे लक्ष्मण पथ की तैयारी
- गुप्तारघाट से राजघाट तक बनाया जाएगा लक्ष्मण पथ

**केटी न्यूज/अयोध्या**



योगी सरकार अयोध्या को सबसे सुंदर नगरी के रूप में स्थापित करने में जी जान से जुटी हुई है। लगातार अयोध्या को एक नई ऊंचाई और उसकी बिसरी पहचान को वापस दिलाने का काम किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। जनवरी में रामलला अपने मंदिर में विराजमान भी हो जाएंगे। इन सब के बीच अयोध्या की कनेक्टिविटी को भी लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। श्रीराम की नगरी में अलग अलग पथों के जरिए फोर लेन कनेक्टिवी प्रदान की जा रही है। इसमें अब एक नया नाम लक्ष्मण पथ का जुड़ने जा रहा है। दरअसल अयोध्या में राम पथ का निर्माण तेजी से हो रहा है, जो नयाघाट से सहादतगंज तक 13 किमी लंबा मार्ग है। इसके बाद जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, धर्मपथ के बाद अब लक्ष्मण पथ का निर्माण भी योगी सरकार कराने की तैयारी में जुट गई है। भगवान श्रीराम के छोटे भाई और शेषावतार लक्ष्मण जी के नाम पर बनने वाले इस नये वैकल्पिक मार्ग निर्माण की भी पूरी कार्ययोजना तैयार है। डीएम नीतीश कुमार के अनुसार लक्ष्मण पथ गुप्तारघाट से राजघाट तक बनाया जाएगा। यह पथ फोरलेन होगा।

इस पथ के निर्माण के लिए नामित कार्यदाई संस्था प्रांतीय खंड लोनिवि की निर्माण ईकाई द्वितीय के अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि करीब 12 किलोमीटर लंबा यह पथ उदया हरिश्चंद्र घाट तटबंध के समानांतर प्रस्तावित है। तटबंध की चौड़ाई पहले छह मीटर थी जिसे एक मीटर बढ़ाकर सात मीटर कर दिया गया है। इधर लक्ष्मण पथ की चौड़ाई 18 मीटर तय कि गयी है। अधिशासी अभियंता के अनुसार लगभग दो सौ करोड़ की लागत से प्रस्तावित इस वैकल्पिक मार्ग का आगणन शासन को प्रेषित कर दिया गया है और स्वीकृति की प्रतीक्षा है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इस योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

